दिनांक–06.09.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के 7 शिक्षकों को किया सम्मानित।
- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत प्रदेश में कार्यकमों का आयोजन जारी।
- पेरिस पैरालंपिक में मध्यप्रदेश के कपिल परमार ने जीता कांस्य पदक।
- हरतालिका तीज के अवसर पर प्रदेश के मंदिरों में होगी विशेष पूजा अर्चना।

राष्ट्रपति शिक्षक दिवस

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में प्रदेश के सात शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 से सम्मानित किया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की सुनीता गोधा, माधव प्रसाद पटेल और सुनीता गुप्ता, उच्च शिक्षा विभाग के प्रोफेसर नीलाभ तिवारी और प्रोफेसर कपिल आहूजा को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा प्रेमलता राहंगडाले और प्रशांत दीक्षित को भी पुरस्कृत किया गया। इन शिक्षकों को उनके असधारण कार्य के लिए सम्मान मिला है। मंदसौर जिले के शासकीय हाई स्कूल, खजूरिया सारंग में सकारात्मक वातावरण तैयार करने के लिए श्रीमती सुनीता गोधा को यह सम्मान मिला है। उन्होंने उपस्थिति में नियमितता लाने के लिए एक्टिविटीज के माध्यम से कक्षा का वातावरण मनोहर बनाया और विशेष आवश्यकता वाले छात्रों का नामांकन बढ़ाने का अथक प्रयास किया है। दमोह के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला, लिधौरा में विज्ञान के शिक्षक माधव प्रसाद पटेल ने विद्यालय में साइंस वॉल बनाई है जहां छात्र अपनी जिज्ञासाएं लिखते हैं और समाधान प्राप्त करते हैं। इन्होंने मोटरसाइकिल पर किताबें रखकर एक मोबाइल लाइब्रेरी भी शुरू की है। श्रीमती सुनीता गुप्ता जवाहर नवोदय विद्यालय, जिला डिंडोरी में गणित की शिक्षिका है। इन्होंने एनीमेटेड वीडियो और तकनीक की मदद से कम लागत वाली शिक्षण सामग्रियां तैयार कर गणित को सरल बनाया है। इसी तरह राष्ट्रीय संस्कृत संस्था, भोपाल में शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर नीलाभ तिवारी पिछले 18 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उनका विशेष योगदान रहा है। आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर कपिल आहूजा के पास अमेरिका में 14 वर्षों से शैक्षणिक कार्यों का अनुभव है। उन्होंने आईआईटी में पहला एमएस डै पाठ्यक्रम शुरू कर शिक्षा को नए आयाम दिये है। भोपाल के संभागीय आईटीआई की प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती प्रेमलता रहंगडाले को दृष्टिबाधित छात्रों को कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिसटेन्ट ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण दिया है।

शिक्षक दिवस प्रदेश

शिक्षक दिवस पर कल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उज्जैन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरू की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन के आईएसओ सर्टिफाईड 11 संकुल प्राचार्यो को आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। इस संबोधन को प्रदेश के अन्य स्कूलों में हुए कार्यक्रम में सुना गया।

बाइट– मुख्यमंत्री

भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री  उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम लेने वाले 12 शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। खण्डवा में प्रदेश के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने आयोजन में हिस्सा लिया मंडला में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के उद्देश्य को

लेकर 'अ' से अक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया है। प्रदेश में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पन्ना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। धार में जिला शिक्षक सम्मान समारोह समिति ने 181 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान। 9 विशिष्ट प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया।

## पैरालिंपिक चुनौती

पेरिस पैरालिंपिक्स के आठवें दिन कल पुरूषों की 60 किलोग्राम जे–1 पैरा जूडो स्पर्धा में मध्यप्रदेश के कपिल परमार ने कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। कपिल ने ब्राजील के एलिलटोन डी ओलिवेरिया को 10–0 से हराकर कांस्य पदक देश के नाम किया। पैरालिंपिक में जूडो में भारत ने पहली बार क्वालीफाई किया और पदक भी जीता। कल भारत के धर्मवीर ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता वहीं प्रणव ने रजत पदक हासिल किया।

भारत, पदक तालिका में पांच स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य पदक के साथ कुल 25 पदक लेकर 14वें स्थान पर है।

प्रदेश के कपिल परमार ने राज्य जूडो अकादमी के बोर्डिंग स्कीम के खिलाड़ी हैं। कपिल ने अपने पहले पैरालम्पिक में कॉंस्य पदक जीता। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कपिल की सराहना की हैं। मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोट्र्स अकादमी की खिलाड़ी प्राची यादव और पूजा ओझा आज से अपने पेरिस पैरालम्पिक के अभियान की शुरूआत करेंगी।

## राष्ट्रीय पोषण माह

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। खंडवा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्पंदन समाज सेवा समिति द्वारा जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रभावी पोषण शिक्षा बैठकों के साथ–साथ शिक्षक दिवस के अवसर पर "पढ़ाई भी पोषण भी" कार्यक्रम किया गया । इसमें उत्सव रैली, व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मौसमी फल सब्जियों का सेवन करने, पोषण वाटिका में जैविक खेती के साथ घरों में स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, और सामुदायिक स्वच्छता और हाथ धोने के सही तरीकों के बारे में बताया गया। जिले परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की पुनासा ब्लाक में भी पोषण माह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के दौरान मुख्य रूप से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण के थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हो रही है।

## हरतालिका तीज–गणेश चतुर्थी

हरतालिका तीज के अवसर पर आज प्रदेश के शिवमंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। आज महिलाए निर्जला उपवास रखती हैं। वहीं रात्रि जागरण किया जाता है। भोपाल, इंदौर सहित प्रदेश के अन्य मंदिरों में विशेष साज–सज्जा की गई है। पर्व के चलते महिलाओं ने विशेष तैयारियां की हैं। बाजारों में मेहंदी लगाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाए पहुंची। इसके साथ ही कल से शुरू हो रहे दस दिवसीय गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां जारी हैं।

## स्वास्थ्य शिविर

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत कल प्रदेश के समस्त 800 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में एक साथ "वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से 95 हजार 867 वृद्धजनों को चिकित्सीय लाभ प्रदान किया गया। यह जानकारी आयुष मिशन अंतर्गत विकसित पोर्टल पर दर्ज की गई है। आयुष विभाग ने बताया कि शिविरों में संबंधित क्षेत्र के आयुष चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा परिक्षेत्र के जनसामान्य को वृद्धावस्था जन्य विकारों में आयुष उपचार के लिए चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की गई। साथ ही शिविर में रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन के लिए प्रयोगशाला परीक्षण सुविधा भी उपलब्ध कराई गई तथा आवश्यक आयुष औषधियों की निःशुल्क उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई गई।

आकांक्षी ब्लॉक

पन्ना जिले में आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित सूचकांक के लक्ष्यपूर्ति के उद्देश्य से 7 से 12 सितम्बर तक अजयगढ़ ब्लॉक में उप स्वास्थ्य केन्द्रवार शिविर लगाए जाएंगे। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश जारी किए गए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ सतीश सिंह ने बताया कि 7 सितम्बर को उप स्वास्थ्य केन्द्र आरामगंज, सिंहपुर, गुछारा, छतैनी, हरदी, नयागांव में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह अन्य दिवसों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर के पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि जबलपुर के थाना मदन महल अंतर्गत शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की एक छात्रा द्वारा सायबर फ्रॉड की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच जारी है।
- खंडवा में 27 वी वृत्त स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन वन विभाग द्वारा कल पुलिस लाइन ग्राउंड में किया गया। इस दौरान मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि देश में वनों की सुरक्षा, संरक्षण एवं विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य किया गया है।
- एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगरमालवा के इको क्लब द्वारा कल 45 औषधिय पौधों का रोपण किया।
- मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने कल श्योपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत तीन पीढीयों से निवासरत परिवारों को कब्जे के आधार पर भूमि के पट्टे दिये जायेगे।

.......................................

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) राष्ट्रपति शिक्षक दिवस

**राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में प्रदेश के सात शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की सुनीता गोधा, माधव प्रसाद पटेल और सुनीता गुप्ता, उच्च शिक्षा विभाग के प्रोफेसर नीलाभ तिवारी और प्रोफेसर कपिल आहूजा को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा प्रेमलता राहंगडाले और प्रशांत दीक्षित को भी पुरस्कृत किया गया। इन शिक्षकों को उनके असधारण कार्य के लिए सम्मान मिला है। मंदसौर जिले के शासकीय हाई स्कूल, खजूरिया सारंग में सकारात्मक वातावरण तैयार करने के लिए श्रीमती सुनीता गोधा को यह सम्मान मिला**

है। उन्होंने उपस्थिति में नियमितता लाने के लिए एक्टिविटीज के माध्यम से कक्षा का वातावरण मनोहर बनाया और विशेष आवश्यकता वाले छात्रों का नामांकन बढ़ाने का अथक प्रयास किया है। दमोह के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला, लिधौरा में विज्ञान के शिक्षक माधव प्रसाद पटेल ने विद्यालय में साइंस वॉल बनाई है जहां छात्र अपनी जिज्ञासाएं लिखते हैं और समाधान प्राप्त करते हैं। इन्होंने मोटरसाइकिल पर किताबें रखकर एक मोबाइल लाइब्रेरी भी शुरू की है। श्रीमती सुनीता गुप्ता जवाहर नवोदय विद्यालय, जिला डिंडोरी में गणित की शिक्षिका है। इन्होंने एनीमेटेड वीडियो और तकनीक की मदद से कम लागत वाली शिक्षण सामग्रियां तैयार कर गणित को सरल बनाया है। इसी तरह राष्ट्रीय संस्कृत संस्था, भोपाल में शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर नीलाभ तिवारी पिछले 18 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उनका विशेष योगदान रहा है। आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर कपिल आहूजा के पास अमेरिका में 14 वर्षों से शैक्षणिक कार्यों का अनुभव है। उन्होंने आईआईटी में पहला एमएस डै पाठ्यक्रम शुरू कर शिक्षा को नए आयाम दिये है। भोपाल के संभागीय आईटीआई की प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती प्रेमलता रहंगडाले को दृष्टिबाधित छात्रों को कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिसटेन्ट ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण दिया है।

(2) शिक्षक दिवस प्रदेश

शिक्षक दिवस पर कल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उज्जैन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरू की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन के आईएसओ सर्टिफाईड 11 संकुल प्राचार्यो को आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। इस संबोधन को प्रदेश के अन्य स्कूलों में हुए कार्यक्रम में सुना गया।

बाइट- मुख्यमंत्री

भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लेने वाले 12 शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। खण्डवा में प्रदेश के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने आयोजन में हिस्सा लिया मंडला में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के उद्देश्य को लेकर 'अ' से अक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया है। प्रदेश में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पन्ना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। धार में जिला शिक्षक सम्मान समारोह समिति

ने 181 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान। 9 विशिष्ट प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया।

**(3) राष्ट्रीय पोषण माह**

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। खंडवा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्पंदन समाज सेवा समिति द्वारा जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रभावी पोषण शिक्षा बैठकों के साथ-साथ शिक्षक दिवस के अवसर पर "पढ़ाई भी पोषण भी" कार्यक्रम किया गया । इसमें उत्सव रैली, व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मौसमी फल सब्जियों का सेवन करने, पोषण वाटिका में जैविक खेती के साथ घरों में स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, और सामुदायिक स्वच्छता और हाथ धोने के सही तरीकों के बारे में बताया गया। जिले परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की पुनासा ब्लाक में भी पोषण माह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के दौरान मुख्य रूप से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण के थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हो रही है।

**(4) स्वास्थ्य शिविर**

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत कल प्रदेश के समस्त 800 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में एक साथ "वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से 95 हजार 867 वृद्धजनों को चिकित्सीय लाभ प्रदान किया गया। यह जानकारी आयुष मिशन अंतर्गत विकसित पोर्टल पर दर्ज की गई है। आयुष विभाग ने बताया कि शिविरों में संबंधित क्षेत्र के आयुष चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा परिक्षेत्र के जनसामान्य को वृद्धावस्था जन्य विकारों में आयुष उपचार के लिए चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की गई। साथ ही शिविर में रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन के लिए प्रयोगशाला परीक्षण सुविधा भी उपलब्ध कराई गई तथा आवश्यक आयुष औषधियों की निःशुल्क उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई गई।

-----------------